अमर उजाला 15/03/2023

# सफलता के लिए कौशल आवश्यक



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कॉमर्स विभाग की ओर से उद्यमिता कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में निजी अकादमी से संदीप सिंगला ने विद्यार्थियों को उद्यमिता कौशल के महत्व को समझाया। साथ ही उन्हें बताया कि जीवन में सफलता पाने के लिए उद्यमिता कौशल अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि उद्यमिता कौशल एक ऐसा कौशल है जिसका प्रयोग करके भविष्य में आने वाली बाधाओं से बचा जा सकता है। वहीं संदीप सिंगला ने सॉफ्ट और हार्ड कौशल के विषय में भी बताया। अंत में उन्होंने उदाहरण के रूप में टेली प्राइम के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के नेतृत्व में और विभागाध्यक्ष राममूर्ति, सहायक प्रो. रमनीत कौर व सहायक प्रो. रीतिका राय के मार्गदर्शन में हुआ। संवाद